# Centrient
# आचार संहिता

CENTRIENT™
Pharmaceuticals

# हमारे सीईओ का संदेश

हम स्पष्ट मिशन वाले
एक वैश्विक लीडर हैं; और इसके साथ आती है
सही काम करने की जिम्मेदारी; यही कारण है कि
हमने
आचार संहिता बनाई है।

CENTRIENT Pharmaceuticals

प्रिय सहयोगियों,



Centrient Pharmaceuticals ('Centrient') संवहनीय एंटीबायोटिक्स, अगली पीढ़ी के स्टेटिन्स और एंटी-फंगल के क्षेत्र में वैश्विक व्यवसाय-से-व्यवसाय लीडर है। इससे से भी कहीं ज्यादा, संवहनीय और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल के केन्द्र में रहते हुए जिंदगियों में सुधार लाने के स्पष्ट मिशन वाली एक दवा कंपनी हैं। हमारे सामान्य मूल्य – जुनून, जवाबदेही, सहयोग, नवाचार और देखभाल – यह परिभाषित करने में सहायता करते हैं कि हम कौन हैं, हम किसमें विश्वास करते हैं, और हम कैसा व्यवहार करते हैं।

हमारी विस्तृत कार्यनीतिक योजना उस मार्ग को प्रशस्त करती है जो हमें उज्ज्वल और सफल भविष्य की ओर ले जाता है। एकसाथ मिलकर, हम Centrient को सफलता और विकास के अगले स्तर पर लाएंगे – लेकिन हम ऐसा केवल तभी कर सकते हैं अगर हमारा व्यवहार सही हो और हम अपने मूल्यों पर कायम रहें। इसे हासिल करने, और दुनियाभर में अपने कर्मचारियों को एक मानक प्रदान करने के लिए, हमने Centrient की आचार संहिता तैयार की है।
यह आचार संहिता हमारे मिशन और मूल्यों को प्रतिबिंबित करती है। यह हमारे मूल्यों को व्यवहार में लाने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। व्यवसाय में लीडर होने का अर्थ भरोसेमंद साझेदार होना भी है जो उच्च नैतिक मानकों के साथ व्यवसाय करता है। हर समय, हम अपने ग्राहकों और व्यवसायिक साझेदारों के लिए भरोसेमंद साझेदार बनने का भरसक प्रयास करते हैं और मिसाल पेश करके अगुवाई करते हैं।

कृपया इस आचार संहिता को पढ़ें और अपने रोजाना के निर्णयों और कार्यों में मार्गदर्शन के लिए, तथा दुविधाओं में आपकी सहायता करने के लिए इसका प्रयोग करें। सही निर्णय लेकर, हम ना केवल अपनी प्रतिष्ठा को बचाते हैं अपितु इसे मजबूत भी करते हैं। यदि आवश्यक हो, तो हमें ऐसे किसी व्यावसायिक अवसर को छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए अगर यह हमारे मानकों पर खरा नहीं उतरता है।

यदि आपकी कोई चिंता हो या आपको कुछ संदिग्ध दिखाई दे तो आपको खुलकर बोलना भी चाहिए। अगर आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि क्या करना सही है तो किसी भी समय सलाह लें। हम में से प्रत्येक उन सभी पार्टियों जिनके साथ हम परस्पर बातचीत करते हैं उनके विश्वास को बनाए रखने और निर्माण करने के साथ-साथ अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखने और सुरक्षित
रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

लीडर बने रहें!

सही कार्य करने में भी लीडर बने रहें!

Rex Clements
सीईओ



# विषय-सूची


हमारे सीईओ का संदेश 2

Centrient की आचार संहिता के बारे में 6

1. Centrient मूल्य: जुनून 8
    - आचार संहिता हमारे उच्च मानक को प्रतिबिंबित करती है
    - Speak up
    - उल्लंघनके मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाइयां

2. Centrient मूल्य: जवाबदेही 12
    - रिश्वत निरोध और भ्रष्टाचार निरोध संबंधी कानूनों का अनुपालन
    - हितों के टकराव का परिवर्जन
    - व्यापार अनुपालन:
    - उचित प्रतिस्पर्धा:
    - कपट का परिवर्जन
    - व्यक्तिगत डेटा का संरक्षण

3. Centrient मूल्य: सहयोग 18
    - मानव अधिकार
    - समान अवसर
    - उत्पीड़न-निरोध
    - राय, भाषण और एसोसिएशन की स्वतंत्रता
    - व्यावसायिक साझेदार

4. Centrient मूल्य: नवाचार 22
    - निरंतर सुधार
    - गोपनीय जानकारी की सुरक्षा
    - कंपनी की आस्तियों की संरक्षा
    - पेशेवर संचार

5. Centrient मूल्य: देखभाल 24
    - कार्यस्थल की सुरक्षा और स्वास्थ्य
    - Centrient के जीवन रक्षक नियम
    - उत्पाद सुरक्षा
    - रोगी की सुरक्षा
    - पर्यावरणीय प्रभाव
    - संवहनीय ख़रीद
    - संवहनीय एंटीबायोटिक्स
    - पशु कल्याण

# Centrient की आचार संहिता के बारे में

Centrient की आचार संहिता परिभाषित करती है कि Centrient.में हमारा क्या मायने हैं। संहिता समर्थन करती है कि हम अपने कार्यों को कैसे अंजाम देते हैं यह हम पर और हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर लागू होने वाले कानूनों, विनियमों और कंपनी की नीतियों का संक्षिप्त विवरण प्रदान करती है। हम उन सभी देशों में अपनी संहिता का पालन करते हैं जहां हम व्यवसाय करते हैं, यहां तक कि उन बाजारों में भी जहां नियम कम कड़े हो सकते हैं। संहिता सही कार्य करने की हमारी पूर्ण प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है।

संहिता Centrient के लिए काम करने वाले सभी कर्मचारियों पर लागू होती है चाहे वे किसी भी स्थान, किसी भी पद या वरिष्ठता के किसी भी स्तर पर हों। Centrient की ओर से काम करने वाले अस्थायी और अनुबंध पर काम करने वाले  कर्मचारियों, सलाहकारों, एजेंटों और अन्य पार्टियों को भी संहिता का पालन करना चाहिए। हम अपने व्यावसायिक साझेदारों (आपूर्तिकर्ताओं, एजेंटों, वितरकों, अनुबंध पर काम करने वाले विनिर्माताओं और अन्य साझेदारों) से भी संहिता के सिद्धांतों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि Centrient में हर कोई वार्षिक आधार पर आचार संहिता में निर्धारित किए गए सिद्धांतों के प्रति कटिबद्ध हो। इन सिद्धांतों पर हस्ताक्षर करके, हम स्पष्ट करते हैं कि हम संहिता का पालन करते हैं और यह कि हम संहिता के आधार पर अच्छा निर्णय लेते हैं। हमारे ग्राहकों और व्यावसायिक साझेदारों को यह भी दर्शाता है कि वे वर्ष-दर-वर्ष सही कार्य करने के लिए हम पर भरोसा कर सकते हैं।

## संहिता में उल्लिखित सिद्धांत निम्नलिखित हैं:

हम कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं
हम कदाचार को रोकने या उसका निवारण करने के लिए आवाज़ उठाते हैं

हम सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं
हम पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं

हम उचित, ज़िम्मेदाराना और ईमानदार तरीके से व्यवसाय करते हैं
हम सटीक और पूर्ण रिकॉर्ड रखते हैं

हम लोगों के मूलभूत अधिकारों को मान्यता देते हैं
हम विविधतापूर्ण, समावेशी और सम्माजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं

हम निरंतर सुधार के सिद्धांतों का समर्थन करते हैं
हम Centrient की आस्तियों और  स्वामित्व की सूचना की रक्षा करते हैं



# Centrient मूल्य: जोश

### जोश

अपने लक्ष्यों को हासिल करना, सकारात्मक दृष्टिकोण तथा हमारे द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्य में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अतिरिक्त मील तक चलना। गुणवत्ता के उच्च कोटि के स्तर के साथ अपनी वचनवद्धता को पूरा करने के लिए कर्मठता व धैर्य को प्रदर्शित करना।

हम कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं
हम कदाचार को रोकने या उसका निवारण करने के लिए आवाज़ उठाते हैं

## आचार संहिता हमारे उच्च मानक को प्रतिबिंबित करती है

Centrient की आचार संहिता आचरण का स्पष्ट मानक तय करती है। हम संहिता का पालन करने और इसके मानक पर खरा उतरने को लेकर भावुक हैं। हम किए जाने वाले प्रत्येक कार्य में उत्कृष्टता सुनिश्चित करते हैं और हम सही काम करते हैं। सदैव!


Centrient की आचार संहिता अनेकानेक स्थितियों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है, लेकिन कोई भी दस्तावेज प्रत्येक स्थिति का पहले से अनुमान नहीं लगा सकता है। दुसरे शब्दों में, इस संहिता में सभी उत्तर नहीं मिल सकते हैं और हम सदैव व्यावहारिक ज्ञान का इस्तेमाल करना चाहिए। हमें कभी-कभी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है जिसका कोई तत्काल उत्तर नहीं होता है। यदि आपको पक्का यक़ीन नहीं है कि क्या करना चाहिए, तो आपको रुकना चाहिए और स्वयं से निम्नलिखित सवाल करने चाहिए:

- क्या कार्रवाई विधिक है?
- क्या कार्रवाई हमारे मूल्यों और संहिता का अनुपालन करती है?
- यदि सार्वजनिक कर दी जाए, तो क्या कार्रवाई, हमें अपने सभी हितधारकों का भरोसा कायम रखने की अनुमति देती है?
- क्या कार्रवाई नीतिपरक कंपनी के रूप में Centrient की प्रतिष्ठा को मजबूत करती है?

यदि आप इन सभी प्रश्नों का "हां" में उत्तर नहीं दे सकते , तो आपको सहायता के लिए पूछना चाहिए और साफ़ तौर पर आवाज़ उठानी चाहिए।

Speak up

**Speak up**
यदि आपको लगता है कि हमारी संहिता को भंग किया जा रहा है या भंग होने वाली है, तो आपको कार्रवाई करनी चाहिए। कभी-कभी कोई दूसरा रास्ता खोजना या किसी दूसरे व्यक्ति को मुद्दा उठाने देना आसान होता है, लेकिन आपको सदैव नेतृत्व करना चाहिए और SpeakUp चाहिए ताकि ऐसे आचरण को रोका जा सके और, यदि आवश्यक हो, तो मामले की जांच की जा सके। Centrient की आचार संहिता के उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं।



**मुझे संदेह है कि मेरा सहकर्मी आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला है। मुझे क्या करना चाहिए?**

यदि संभव हो, तो आपको ऐसा व्यवहार रोकने के लिए अपने सहकर्मी से बात करनी चाहिए। यदि ऐसा करना संभव नहीं है अथवा आपका सहकर्मी आपकी बात नहीं सुनता है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी चिंता जाहिर करें भले ही  आपको पक्का विश्वास ना हो कि ऐसा हो सकता है।

नेकनीयती में संहिता के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए कोई प्रतिघात नहीं हैं, चाहे रिपोर्ट निराधार ही क्यो ना हो। प्रतीक्षा करने और नुकसान का जोखिम उठाने की अपेक्षा संभावित समस्या के बारे में बताना बेहतर है। शर्मिन्दा होने की बजाए सुरक्षित होना निश्चित तौर पर बेहतर है!
यदि आप रिपोर्ट करने में असहज महसूस करते हैं, तो आप Centrient स्पीकअप द्वारा गुमनाम रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं।

सदैव याद रखें कि आपके सवाल या चिंता Centrient के लिए महत्वपूर्ण है और इसे गंभीरता से लिया जाएगा। आपकी बात सुनी जाएगी। आप निम्नलिखित किसी भी चैनल के माध्यम से अपनी चिंता या सवाल की सूचना दे सकते हैं:

- अपने मैनेजर को
- Centrient के विधिक मामलों के  किसी भी सदस्य  को
- वैश्विक जोखिम और अनुपालन निदेशक
- ईमेल: alert@centrient.com
- Centrient स्पीकअप हॉटलाइन या वेबसाइट http://centrient.ethicspoint.com

आप तृतीय पार्टी द्वारा होस्ट की गई Centrient स्पीकअप हॉटलाइन या वेबसाइट के माध्यम से कॉल कर सकते हैं या गुमनाम रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकते हैं।

Centrient स्पीकअप हॉटलाइन सप्ताह के सात दिन और दिन के 24 घंटे उपलब्ध है। पांच देशों के लिए टोल-फ्री टेलीफ़ोन नंबर Centrient की स्पीकअप वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यदि आवश्यक हो तो आपकी चिंता को आपकी स्थानीय भाषा में सुनने के लिए ऑपरेटर उपलब्ध हैं।

## हम जवाबी कार्रवाई नहीं करते हैं!

जवाबी कार्रवाई क्या होती है?
अच्छी नीयत से शिकायत करने वाले कर्मचारी को सजा देना। इसमें नौकरी से सम्बन्धित कोई भी नकारात्मक कार्रवाई शामिल होती है, जैसेकि पदावनति, अनुशासनिक, नौकरी से निकालना, वेतन में कटौती, अथवा किसी दूसरे काम या शिफ्ट में लगा दिया जाना।

आप जवाबी कार्रवाई या अपने नियोजन पर किसी प्रभाव के भय के बिना मुद्दों या सवालों को उठा सकते हैं। Centrient इस संहिता के अंतर्गत नेकनीयती से मुद्दा उठाने वाले अथवा आंतरिक रूप से या किसी प्राधिकारी द्वारा की गई किसी भी जांच में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के ख़िलाफ किसी भी रूप में जवाबी कार्रवाई को सहन नहीं करता है। जवाबी कार्रवाई में शामिल किसी भी कर्मचारी को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना होगा।

आप Centrient की सूचना प्रदाता नीति में आगे के दिशानिर्देश देख सकते हैं।

### उल्लंघन के मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाइयां

Centrient के लिए काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति (ठेकेदारों सहित) को संहिता का अनुपालन करना होगा। इस संहिता का उल्लंघन गंभीर मामला है और इस वजह से नौकरी से निकाले जाने सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको कोई उल्लंघन दिखाई देता है तो उन्हें तत्काल उठाएं और उस पर आवाज़ उठाएँ।



# Centrient मूल्य: जवाबदेही

### जवाबदेही

जिम्मेदारी के साथ काम करना तथा अपने-अपने क्षेत्रों में अपने कार्यों व परिणामों की पूरी जिम्मवारी लेना, अपनी प्रतिबद्धताओं को तेज़ी से पूरा करने के लिए प्रासंगिक निर्णय लेना।

## हम उचित, ज़िम्मेदाराना और ईमानदार तरीके से व्यवसाय करते हैं
## हम सटीक और पूर्ण रिकॉर्ड रखते हैं

रिश्वत निरोध और भ्रष्टाचार निरोध संबंधी कानूनों का अनुपालन: हम उचित और ईमानदार तरीके से व्यवसाय करते हैं और रिश्वत तथा भ्रष्टाचार को हम कतई बर्दाश्त नहीं करते हैं।

हम किसी भी व्यक्ति को, चाहे वो सरकारी या किसी पार्टी का अधिकारी, राजनीतिक उम्मीदवार, व्यावसायिक साझेदार या कर्मचारी ही क्यों ना हो, रिश्वत या किसी अन्य प्रकार के अनुचित वरीय लाभ की कभी भी पेशकश नहीं करते हैं, न तो देते हैं, न ही उसके लिए अनुरोध करते हैं या न ही उसे स्वीकार करते हैं। हम एजेंटों, वितरकों या ठेकेदारों या सलाहकारों सहित किसी भी तीसरी पार्टी को Centrient की ओर से ऐसा करने की अनुमति कभी नहीं देंगे। इसके मद्देनजर, हम सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी कमीशन का भुगतान, एजेंट फीस आदि वास्तविक विधि-सम्मत प्रलेखित सेवा पर आधारित होती है। हम सुविधा सेवा का भुगतान नहीं करते हैं।

आप Centrient की वैश्विक रिश्वत-निरोध और भ्रष्टाचार-निरोध अनुपालन नीति और नियमावली में आगे के मार्गदर्शनों को देख सकते हैं।

**सुविधा सेवा भुगतान क्या हैं?**
नियमित सरकारी कार्यों को करवाने या उनमें तेजी लाने के लिए सरकारी अधिकारियों को कुछ राशि का भुगतान करना

**मुझे ग्राहक से उपहार प्राप्त होता है। क्या मैं उसे स्वीकार कर सकता हूं?**

याद रखें कि उपहारों से भी रिश्वत या किसी अन्य प्रकार का गैरकानूनी लाभ शामिल हो सकता है। उपहार कम मूल्य के होने चाहिए। उपहार प्रासंगिक परिस्थितियों के लिए तर्कसंगत, संतुलित और उपयुक्त होने चाहिए और आपको अनुकूल व्यवहार के बदले या व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए नहीं दिया जाना चाहिए। मेज़बानी और धर्मार्थ दान पर भी यही नियम लागू होते हैं। संदेह होने की दशा में, कानूनी सलाह लें।

हितों के टकराव का परिवर्जन: हममें से प्रत्येक की जिम्मेदारी Centrient के सर्वोच्च हितों में काम करना है और हम समझते हैं कि हमारे व्यक्तिगत हित हमारे व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित नहीं करेंगे। हम हितों के इन टकरावों का परिवर्जन करते हैं और हम किसी भी ऐसे व्यवहार का परिवर्जन करते हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय को प्रभावित करता हुआ प्रतीत हो सकता है। हम पेशेवर, व्यक्तिगत और राजनीतिक हितों को अलग-अलग रखते हैं। एक कंपनी के तौर पर, हम राजनीतिक पार्टियों को वित्तीय या कोई अन्य समर्थन प्रदान नहीं करते हैं।

एक दोस्त उसे कंपनी के उत्पादों की पेशकश कर रहा है। क्या मैं उत्पाद खरीद सकती हूं?

किसी वास्तविक या कथित हितों के टकराव का परिवर्जन करना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह Centrient और आपको व्यक्तिगत रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। Centrient केवल तभी उत्पाद खरीद सकता है अगर खरीद की प्रक्रिया उचित और पारदर्शी हो, निर्णय प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया था तथा आपके व्यक्तिगत हितों से जरा भी प्रभावित नहीं था। तो आपको खरीद की प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहिए।

व्यापार अनुपालन: हम प्रतिदिन आयात और निर्यात लेनदेन करते हैं और इस कारण से, हमें अपने व्यवसाय पर लागू होने वाले सभी व्यापार नियंत्रणों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। हम अपने खुद के कड़े नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हैं। हम सीमा शुल्क और अन्य सम्बन्धित प्राधिकारियों को अपने व्यवसाय के बारे में सटीक और एकदम सही जानकारी प्रदान करते हैं।

आप Centrient की व्यापार नियंत्रण नीति में अग्रिम मार्गदर्शन देख सकते हैं।

उचित प्रतिस्पर्धा: हम उचित प्रतिस्पर्धा में विश्वास करते हैं। हम अपने उत्पादों में गुणवत्ता और उत्कृष्टता के आधार पर प्रतिस्पर्धा करते हैं। हम मूल्यों को निर्धारित करने, बाजारों को विभाजित करने, मात्रा सीमित करने या संभावित प्रभुत्व वाली स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रतिस्पर्धा-रोधी करार और परिपाटियों में शामिल नहीं होते हैं। हम प्रतिस्पर्धा को संरक्षित करने के लिए बनाए गए कानूनों का अनुपालन करते हैं।

आप Centrient की वैश्विक प्रतिस्पर्धा कानून अनुपालन नीति और नियमावली में अग्रिम मार्गदर्शन देख सकते हैं।

एक ट्रेड शो में, मेरी मुलाकात एक पूर्व सहकर्मी से होती है जो अब Centrient के एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। वह मुझसे पूछता है कि व्यवसाय कैसा चल रहा है। मुझे क्या कहना चाहिए?

विशिष्ट विवरण का खुलासा किए बिना बेहद सामान्य तरीके से जवाब देने में कोई समस्या नहीं है। तथापि, अधिक विस्तृत विषयों जिनसे समस्या उत्पन्न हो सकती है, पर चर्चा से बचने के लिए बातचीत को दूसरी दिशा में मोड़ने की सलाह दी जाती है। इस बात से भी सावधान रहें कि प्रतिस्पर्धी के साथ व्यवसाय के संबंध में बातचीत करना कुछ अनुचित होने का आभास दे सकता है।

कपट का परिवर्जन: हम Centrient, हमारे किसी व्यावायिक साझेदारों या सरकारी निकायों के खिलाफ किसी भी प्रकार के कपट में शामिल नहीं होते हैं। हम कपट की आशंकाओं के प्रति सतर्क रहते हैं, और हमारे पास कपट को रोकने तथा इसका पता लगाने के लिए विस्तृत व्यावसायिक नियंत्रण का सेट है। हम अपराध को छिपाने के लिए कंपनी के संसाधनों के किसी भी प्रयोग को रोकने के लिए धन-शोधन रोधी कानूनों का पालन करते हैं।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम सभी लेनदेन को उचित तरीके से रिकॉर्ड करते हैं, आंतरिक अनुमोदन प्रक्रियाओं का पालन करते हैं। हम किसी भी अनियमित या असामान्य तरीके से भुगतान, धनवापसी के अनुरोध, अथवा अन्य संदिग्ध लेनदेन या गतिविधियों की रिपोर्ट तुरंत वित्त विभाग और/या विधि कार्य के सदस्य को करेंगे।

धन-शोधन निरोध कानून किस बारे में हैं?

वे तीसरी पार्टियों द्वारा आपराधिक गतिविधियों से आई आगम को प्राप्त करने का निषेध करते हैं।

मैंने एक सह-कर्मी को निरीक्षण रिकॉर्ड पर हस्ताक्षर करते देखा था हालांकि उसने वास्तव में निरीक्षण नहीं किया था। मुझे क्या करना चाहिए?

आपको इस प्रकार के व्यवहार के बारे में तत्काल अपने मैनेजर या विधिक मामलोंको सूचित करना चाहिए क्योंकि यह मिथ्या रिकॉर्ड के के अंतर्गत आता है, जोकि हमारी संहिता के विरुद्ध है।

व्यक्तिगत डेटा का संरक्षण: हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और व्यावसायिक साझेदारों की निजता का सम्मान करते हैं। हम प्रासंगिक कानूनों और हमारे निजता संबंधी नियमों का पालन करते हैं। हम व्यक्तिगत जानकारी को बेहद सावधानी से ध्यान रखते हैं। हम केवल विधिसम्मत व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत डेटा को संग्रहीत, उपयोग, साझा और प्रतिधारित करते हैं, और हम उस डेटा को संरक्षित करने के लिए बनाए गए उपायों को कार्यान्वित करते हैं।

आप Centrient की वैश्विक गोपनीयता नीति में आगे के दिशानिर्देशों को देख सकते हैं।

मेरे भाई ने मेरे सहकर्मियों के संपर्क विवरण के बारे में मुझसे पूछा है। वह अपनी नई कंपनी का प्रचार करना चाहता है और मेरे सहकर्मियों को अपनी व्यावसायिक मेलिंग सूची में जोड़ना चाहता है। मैं उसकी सहायता करना चाहूंगा। मेरे सहकर्मी संभवत: उसकी सेवाओं में रुचि लेंगे। क्या मैं आगे बढ़ सकता हूं और अपने भाई को अपने सहकर्मियों के नाम तथा ईमेल पते भेज सकता हूं।

नहीं, ऐसा करना Centrient की आचार संहिता के विरुद्ध होगा। आप व्यक्तिगत डेटा को केवल Centrient के विधिसम्मत व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए संसाधित कर सकते हैं। आपके भाई को अपने व्यवसाय का प्रचार करने के लिए कोई अन्य तरीका ढूंढना होगा।






# Centrient मूल्य: सहयोग

## सहयोग

एक-दूसरे पर विश्वास व सम्मान करना तथा कम्पनी के समान लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एकजुट होकर लगातार मिलकर कार्य करना। एक समावेशी संगठन बनाने के लिए, प्रतिदिन एक निर्बाध तरीके से काम करना।

### हम लोगों के मूलभूत अधिकारों को मान्यता देते हैं
### हम विविधतापूर्ण, समावेशी और सम्माजनक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं

मानव अधिकार: हम व्यक्ति के अधिकारों का समर्थन और सम्मान करते हैं तथा जिन देशों में हम परिचालन करते हैं वहां के नियोजन कानूनों का पालन करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र की मानव अधिकारों की सार्वभौमिक उद्घोषणा और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के मूलभूत अभिसम्मेलनों में यथारेखांकित अंतरराष्ट्रीय तौर पर मान्यता प्राप्त मानव अधिकारों का पालन करते हैं।

किसी भी परिस्थिति में जबरन, बंधुआ मजदूरी, अनैच्छिक कारावास मजदूरी या बाल मजदूरी को स्वीकार नहीं करेंगे या उसका इस्तेमाल नहीं करेंगे। हम अपने व्यावसायिक साझेदारों से उन्हीं उच्च मानकों के लिए प्रतिबद्ध होने की अपेक्षा करते हैं।

> यदि आपको मानव अधिकारों या नियोजन कानून का संभावित उल्लंघन दिखाई दे
> या आपको ऐसा संदेह हो तो सतर्क रहें और आवाज़ उठाएँ!

समान अवसर: हम विविध और समावेशी कार्यबल के लिए प्रयासरत रहते हैं। हम कर्मचारियों को उनकी प्रतिभा, अर्हताओं और योग्यताओं के आधार पर भर्ती करते हैं, नियोजित करते हैं, विकसित करते हैं, ईनाम देते हैं और प्रोन्नत करते हैं। हम नस्ल, संस्कृति, राष्ट्रीयता, आयु, धर्म, लिंग, गर्भावस्था, यौन अभिविन्यास, संबंध, विकलांगता या किसी अन्य संरक्षित स्थिति के आधार पर भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

मेरी कंपनी में एक रिक्त पद है और मेरी भतीजी आवेदन करना चाहती है। क्या यह सही है?

आपकी भतीजी को किसी अन्य उम्मीदवार की तरह ही भर्ती प्रक्रिया का पालन करना चाहिए और उसे केवल तभी नियुक्त किया जा सकता है जब कोई निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया हुई हो और निर्णय लिया गया हो, जिसे प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया था और वह किसी भी व्यक्तिगत हित से प्रभावित नहीं हुआ था।

उत्पीड़न-निरोध: हम सहयोग करते हैं और, ऐसा करते हुए, लोगों का सम्मान करेंगे। इसका अर्थ है कि हम सदैव अपने सहकर्मियों और अन्य लोगों का सम्मान करेंगे। हम ऐसा आचरण बर्दाश्त नहीं करते हैं जो किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के लिए डराने वाला, अपमानजनक या शत्रुतापूर्ण कार्य परिवेश उत्पन्न करता हो। हम किसी तरह के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं; हम उत्पीड़न के सभी आरोपों को बेहद गंभीरता से लेते हैं और हम कदाचार होने पर कार्रवाई करते हैं।


मेरा सुपरवाइज़र अक्सर अपना आपा खो देता है और मेरा तथा मेरी टीम में सदस्यों का अपमान करता है। क्या यह उत्पीड़न है?

हां, आपके सुपरवाइज़र का व्यवहार आक्रामक और अनुचित है। इसप्रकार का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है और आचार संहिता के विरुद्ध है। हम एक पेशेवर कार्य परिवेश बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसमें कर्मचारियों के साथ इज़्ज़त और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाता है, और इसलिए आपको आवाज़ उठानी चाहिए। यदि आपको अपने सुपरवाइज़र से सीधे बात करने में असुविधा होती है, तो सलाह के लिए मानव संसाधन (एचआर) से संपर्क करें।

राय, भाषण और एसोसिएशन की स्वतंत्रता हम राय, भाषण और एसोसिएशन की स्वतंत्रता के व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान करते हैं, बशर्ते कि स्थानीय कानून का सम्मान किया जाता है। हम कार्यस्थल और मुआवजे के मुद्दों को सुलझाने के लिए कर्मचारियों के साथ खुला संवाद और प्रत्यक्ष जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हैं।

व्यावसायिक साझेदार: हम भरोसेमंद व्यावसायिक साझेदारों के साथ व्यवसाय करना चाहते हैं जिनके नीतिपरक मानक हमारे समान हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से यह पुष्टि करने की अपेक्षा करते हैं कि वे अपना व्यवसाय आपूर्तिकर्ता की आचार संहिता के अनुसार संचालित करें। हम अपने एजेंटों, वितरकों, ठेके के विनिर्माताओं और अन्य व्यावसायिक साझेदारों से लिखित में यह पुष्टि करने की अपेक्षा करते हैं कि वे अपना व्यवसाय Centrient की आचार संहिता के अनुसार संचालित करें।





# Centrient मूल्य: आविष्कार

## आविष्कार

कुएं से बाहर सोचना तथा निरंतर सुधार को आगे बढ़ाना, नई संभावनाओं को पैदा करना व सक्रिय होकर अवसरों को अपनाना तथा चुनौतियों का सामना करना।

## हम निरंतर सुधार के सिद्धांतों का समर्थन करते हैं
## हम Centrient की आस्तियों और स्वामित्व की सूचना की रक्षा करते हैं

**निरंतर सुधार:** हम अपने उत्पादों, कार्यशील प्रणालियों, उत्पादन प्रक्रियाओं और सेवाओं का निरंतर आधार पर मूल्यांकन करते हैं और उनमें सुधार करते हैं। हम ग्राहकों, साझेदारों, रोगियों और सारी दुनिया को गुणवत्ता, विश्वसनीयता, और संवहनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम गुणवत्ता के लिए कड़े बाह्य और आंतरिक मानकों को लागू करके अनिवार्य विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स अनुपालन से परे जाकर और ग्राहकों के सवालों तथा शिकायतों का तीव्रता से समाधान करके काम करते हैं।

**गोपनीय जानकारी की सुरक्षा:** हमें एहसास है कि हमारी बौद्धिक संपदा (आईपी) और गोपनीय सूचना हमारी सफलता के प्रमुख चालक हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम अप्राधिकृत प्रकटन से उन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखें। हम अन्य लोगों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करते हैं और हमें प्रदान की गई गोपनीय जानकारी का केवल तभी इस्तेमाल करते हैं जब हमें ऐसा करने की स्पष्ट अनुमति हो। आप Centrient की बौद्धिक संपदा संरक्षा नीति में आगे ले दिशानिर्देश देख सकते हैं।

मैं टीम में एक नया सदस्य भर्ती कर रहा हूं और एक पसंदीदा उम्मीदवार Centrient के एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करता है। उसे संभवत: उनकी अनुसंधान एवं विकास योजनाओं के बारे में काफी कुछ जानकारी है। क्या मैं उसे नियुक्त कर सकता हूं?

हां, हम इस उम्मीदवार को नियुक्त कर सकते हैं लेकिन केवल सही कारणों से (जैसेकि विशेषज्ञता) और जब तक कि उम्मीदवार गैर प्रतिस्पर्धा दायित्व के तहत नहीं है। आप इन अपेक्षाओं के साथ उसे नियुक्त नहीं कर सकते हैं कि उम्मीदवार नियुक्त हो जाने पर प्रतिस्पर्धी की गोपनीय या सांपत्तिक जानकारी का खुलासा आपको करेगा। ऐसे कदम उठाना आपका कर्तव्य है ताकि हमें वह सूचना प्राप्त ना हो।

**कंपनी की आस्तियों की संरक्षा:** हम रोजाना के अपने काम में सहायता के लिए Centrient की आस्तियों पर निर्भर हैं। हम इन सभी आस्तियों के उन सभी रूपों में जिनमें हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और डेटा शामिल है, के अच्छे प्रबंधक हैं। हम आस्तियों और संसाधनों का उनके अभीष्ट व्यावसायिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल करने के दौरान भलीभांति ध्यान रखते हैं ताकि उनका कोई नुकसान, क्षति या दुरुपयोग ना हो। आप Centrient की सूचना सुरक्षा के लिए आचार संहिता की आगे के दिशानिर्देश देख सकते हैं।

**पेशेवर संचार:** हम अपने संचार में पेशेवर तरीके से काम करते हैं। हम अपने व्यावसायिक संचार का ध्यान रखते हैं और हम स्पष्ट, तथ्यपरक और सामयिक तरीके से संचार करते हैं। जनता के लिए प्रत्येक संचार सटीक, पूर्ण, प्रासंगिक, संतुलित और सभी लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुपालन में होना चाहिए।

हम मीडिया के सवाल उन लोगों को भेज देते हैं जो Centrient की ओर से बोलने के लिए प्राधिकृत हैं। हम व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए निजी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के दौरान विवेक तथा व्यावहारिक ज्ञान का इस्तेमाल करते हैं। आप Centrient की सोशल मीडिया नीति में आगे के दिशानिर्देश देख सकते हैं।



# Centrient मूल्य: देखभाल

## देखभाल

अपने कर्मचारियों, समुदायों, ग्राहकों, रोगियों तथा अन्य सभी हितधारकों के लिए मूल्य तैयार करने के अपने वचन को पूरा करते हुए इनकी देखभाल करना। स्थायित्व पर बहुत ही सकेन्द्रित होते हुए, सभी के लिए एक सुरक्षित व सेहतमंद वातावरण तैयार करना।

### हम सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं
### हम पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं

कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य: हम गंभीरता से मानते हैं कि काम कभी भी (निजी) सुरक्षा से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता है। हम सभी अपने कार्यस्थल पर और बाहर होने पर कार्यभार सौंपने के दौरान स्वयं की तथा अपने आसपास के अन्य लोगों की सुरक्षा तथा उनका स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं। हम स्वयं को सभी प्रयोज्य सुरक्षा मानकों तथा महत्वपूर्ण व्यवहारों (जीवन रक्षक नियमों सहित) को जागरूक करते हैं और हर समय उनका पालन करते हैं।

हम सुरक्षित तथा असुरक्षित व्यवहार के बारे में एकदूसरे से बातचीत करते हैं। हम अपने सुरक्षा प्रदर्शन में निरंतर सुधार करने के लिए सभी घटनाओं तथा खतरनाक स्थितियों की सूचना देते हैं। हम घटनाओं से सीखने में एकदूसरे की सहायता करते हैं। ये व्यवहार यह सुनिश्चित करने में हमारी सहायता करेंगे कि हम सभी काम पर से सुरक्षित घर वापस लौटते हैं!

आप Centrient की SHE अपेक्षाओं में आगे के दिशानिर्देश देख सकते हैं।

मेरी टीम एक प्रोजेक्ट में शेड्यूल से पीछे है और हम कुछ सुरक्षा प्रक्रियाओं को छोड़कर उत्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने के तरीके ढूंढते हैं। हमें विश्वास है कि प्रक्रिया सुरक्षित रहेगी। जब तक कि हम सावधान रहते हैं क्या हम इन कदमों को छोड़ सकते हैं?

नहीं! कभी नहीं! सुरक्षा प्रक्रियाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वित किया जाता है कि आप और आपकी टीम सुरक्षित रहे और हमारे APIs की गुणवत्ता संरक्षित रहे। सुरक्षा प्रक्रियाओं को छोड़ने की अनुमति कभी भी नहीं दी जाती है। इसपर चर्चा करने के लिए अपने लाइन मैनेजर और/या SHE मैनेजर से बात करें कि सुरक्षित एवं आज्ञाकारी तरीके से प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ तरीके से कैसे संभालना है।

Centrient के जीवन रक्षक नियम: हम 12 जीवन रक्षक नियमों के लिए प्रतिबद्ध हैं जो काम करते समय हमारी सुरक्षा करते हैं। यदि हालात या व्यवहार असुरक्षित हो तो हमें सदैव काम को रोक देना चाहिए। कुछ व्यवहार हम बर्दाश्त नहीं करते हैं क्योंकि उनसे आपको, आपके सहकर्मियों या हमारी साइट्स पर आने वाले आगंतुकों को गंभीर खतरा हो सकता है। हम जीवन रक्षक नियमों के उल्लंघन को कतई बर्दाश्त नहीं करते हैं।

1. काम के दौरान कोई नशा नहीं; केवल निर्दिष्ट स्थानों में धूम्रपान; काम करते समयशराब की अनुमति नहीं
2. जब भी आवश्यक हो, वैध कार्य परमिट के साथ काम करें
3. किसी बंद स्थान में प्रवेश करने से पहले आंतरिक वातावरण की गुणवत्ता की जांच कर लें
4. मशीनों या उपकरण पर काम आरंभ करने से पहले लॉक करें, टैग करें और (LoToTo) का प्रयास करें
5. लाइन बंद करने से पहले प्राधिकार प्राप्त कर लें
6. सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपकरण को ओवरराइड करने या अक्षम करने से पहले प्राधिकार प्राप्त कर लें
7. ऊंचाई पर काम करते समय खुद को गिरने से बचाएं
8. लिफ्टिंग और होयस्टिंग करते समय; खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश ना करें जहां चीज़ें गिर सकती हैं
9. जब अपेक्षित हो परिवर्तन के प्रबंधन का अनुपालन करें
10. अपनी यात्रा प्रबंधन योजना का पालन करें
11. अपनी सीटबैल्ट पहनें
12. जिम्मेदारी से ड्राइव करें और स्थानीय कानूनों का पालन करें। वाहन चलाते समय अपने मोबाइल फ़ोन (हैंड्स फ्री भी नहीं) का इस्तेमाल ना करें और वाहन को सीमा से अधिक तेज गति से ना चलाएं। शराब पीकर वाहन चलाने से बचें, सदैव कानूनी सीमाओं का सम्मान करें

मुझे संदेह है कि मेरा मैनेजर जो वेयरहाउस सुपरवाइज़र है, उसे नशे की लत है। मुझे क्या करना चाहिए?

जब बात सुरक्षा की हो तो कभी भी समझौता ना करें। आपको स्वयं को, अपनी टीम और अपने मैनेजर को बचाना चाहिए। अपनी चिंता को हल करने के लिए इसे मानव संसाधन से साझा करें ताकि आपके मैनेजर को कंपनी से सहायता प्राप्त हो।

उत्पाद सुरक्षा: हम लोगों को खतरों से बचाने के लिए अपने उत्पादों के लिए कड़े विनियामक अनुपालन लागू करते हैं। हम खतरनाक पदार्थ का प्रबंधन सुरक्षित तरीके से करते हैं। हम उत्पादों पर उचित तरीके से लेबल लगाते हैं और लागू कानूनों तथा हमारी कंपनी की नीतियों के अनुसार उत्पाद-हैंडल करने की अपेक्षाओं के बारे में बताते हैं।

हम सुनिश्चित करते हैं कि अद्यतन सामग्री सुरक्षा डेटा शीट (एसडीएस) ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाती हैं और हमारे उत्पादों के भंडारण, देखरेख, परिवहन और डिस्चार्ज में शामिल अन्य पार्टियों को वो एसडीएस या एसडीएस से सूचना का प्रासंगिक चयन उपलब्ध कराया जाता है।

आप Centrient की SHE अपेक्षाओं में आगे के दिशानिर्देशों को देख सकते हैं।

रोगी की सुरक्षा: हम अपनी सक्रिय औषध सामग्रियों (APIs) और तैयार खुराक फॉर्म (FDF) का विनिर्माण वर्तमान उत्तम विनिर्माण परिपाटियों (cGMP)-के अनुसार नियंत्रित परिवेश में करते हैं। हमारी API के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले हमारे एंजाइमयुक्त कणों को हमारे उत्पादों में मिलाने से पहले उनकी गहन जांच तथा नैदानिक अध्ययन किए जाते हैं।

यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो तत्काल, प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए हमने उपाय कर रखे हैं। हमारे पास लिखित प्रक्रियाएं मौजूद हैं जो उत्पादन को वापस लौटाने की स्थिति की असंभावित दशा में जिम्मदारी और आवश्यक कार्रवाई निर्दिष्ट करती हैं।

आप Centrient की गुणवत्ता संबंधी नियमावली में आगे के दिशानिर्देशों को देख सकते हैं।

पर्यावरणीय प्रभाव: हम अपनी पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को बेहद गंभीरता से लेते हैं। हम अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं और साथ-ही-साथ हमारे उत्पादन के कार्यकाल के दौरान जोखिम तथा पर्यावरणीय प्रभाव की पहचान तथा प्रबंधन करते हैं।

हम प्रक्रिया में दक्षता लाकर, अपशिष्ट की मात्रा को कम करके तथा ऊर्जा की खपत को कम करके अपने परिचालनों के पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। और हम स्वयं के लिए उत्सर्जन तथा अपशिष्ट के लिए सुधार लक्ष्य तय करते हैं और उन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भरसक प्रयास करते हैं।

हमारा अंतिम लक्ष्य हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को अधिक स्वच्छ बनाना, अधिक ऊर्जा दक्ष बनाना और कम अपशिष्ट उत्पन्न करने वाली बनाना है।

संवहनीय खरीद: हमारे ना केवल स्वयं के लिए अपितु अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए भी संवहनीयता के संबंध में उच्च मानक हैं। हम संभावित नए विक्रेताओं की सावधानी से जांच करने के लिए प्रशिक्षित हैं और मौजूदा आपूर्तिकर्ताओं की उनके संवहनीयता प्रदर्शन के संबंध में निरंतर समीक्षा करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे साझेदार हमारे आपूर्तिकर्ता संवहनीयता कार्यक्रम की शर्तों का पालन करें, जो संवहनीय खरीद, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, मजदूरी और उचित व्यावसायिक परिपाटियों को कवर करता है।

हमने ज़िम्मेदाराना आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने और उद्योग भर में व्यवसाय के बेहतर हालात के लिए औषध आपूर्ति श्रृंखला पहल (PSCI) में औषध और स्वास्थ्य देखभाल में शामिल अन्य कंपनियों के साथ हाथ मिलाया है।

संवहनीयता कायम रखने की हमारी जिम्मेदारी हमारे परिचालनों और प्रक्रियाओं के साथ समाप्त नहीं हो जाती है।

संवहनीय एंटीबायोटिक्स: हम एंटीबायोटिक्स के ज़िम्मेदाराना विनिर्माण और प्रयोग को बढ़ावा देते हैं। हमारे पास हमारे वैश्विक उत्पादन स्थलों में समर्पित मलजल उपचार सुविधाएं हैं और साथ-ही-साथ उन्नत अवशेष एंटीबायोटिक कन्टेंट की जांच करने की सुविधाएं भी हैं जिनसे यह सुनिश्चित होता है कि मलजल से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध में योगदान न हो।

हम संवहनीय एंटीबायोटिक्स के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं और उत्पादन परिपाटियों को स्वच्छ करने के अग्रणी पैरोकार हैं।

पशु कल्याण: हम पशु कल्याण की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पशुओं से मानवीय व्यवहार होना चाहिए जिससे उनका दर्द तथा तनाव कम हो सके। पशुओं को बदलने, उपयोग होने वाले पशुओं की संख्या में कटौती करने, या संकट कम करने के लिए प्रक्रियाओं को परिशोधित करने पर विचार करने के बाद पशुओं की जांच की जानी चाहिए। जहां पर भी वैज्ञानिक रूप से मान्य हो और विनियामकों को स्वीकार्य हो विकल्प का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



# Centrient आचार संहिता

हमारे मूल्य और हमारी संहिता हमारे द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्य को मजबूत करती है हम कानूनों और अपनी संहिता का पालन करते हैं

हम प्रासंगिक कानूनों और हमारे निजता संबंधी नियमों का पालन करते हैं।

हम कदाचार के मामले में आवाज़ उठाते हैं

हम सही काम करते हैं!

मैं इस आचार संहिता में निर्धारित किए गए सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध होने पर सहमत हूं।

कर्मचारी के हस्ताक्षर:

हस्ताक्षर करने का दिनांक:

CENTRIENT Pharmaceuticals